# Parts of Speech- शब्द भेद

**किसी भी वाक्य को लिखने व बोलने के लिए शब्दों के समूह का प्रयोग किया जाता है। वाक्य में प्रयोग इन सभी शब्दों को कोई न कोई नाम दिया जाता है। जैसे – संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया आदि।**
**शब्दों के सही प्रयोग को समझने के लिए ही इन्हें 8 वर्गों में बाँटा गया है जिन्हें शब्द भेद कहते हैं।**

**Group of words are used together in a specific manner to write or speak a sentence. Every single word in a sentence is given a name i.e. Noun, Pronoun, Verb etc.**
**To understand the sequence of words so that the sentence delivers the correct message, these words are categorized in 8 categories, which are called the "Parts of Speech".**

**8 Parts of speech; with their one-liner definitions are:**

1. **Noun (संज्ञा)** किसी भी प्राणी, जगह या वस्तु के नाम को संज्ञा कहते हैं।
2. **Pronoun (सर्वनाम)** सर्वनाम का प्रयोग संज्ञा की जगह पर किया जाता है।
3. **Verb (क्रिया)** क्रिया वो है जिसके माध्यम से Subject के कार्य या अवस्था (स्थिति) की जानकारी मिलती है।
4. **Adjective (विशेषण)** जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं या उनके बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं।
5. **Adverb (क्रिया विशेषण)** जो किसी क्रिया की, किसी विशेषण की या किसी दूसरे क्रिया विशेषण की विशेषता बताते हैं या उनके बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं।
6. **Preposition (सम्बन्ध सूचक अव्यय या पूर्वसर्ग)** Prepositions वो शब्द होते हैं जो किसी संज्ञा या सर्वनाम और वाक्य के दूसरे भाग के बीच के संबंध को दर्शाते हैं।
7. **Conjunction (संयोजक)** यह दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ देते हैं। इससे वाक्य छोटा हो जाता है बिना अर्थ बदले।
8. **Interjection (विस्मयादिबोधक)** भावनाओं की अभिव्यक्ति करने वाले शब्द व शब्दों के समूह।

आप इनके बारे में आने वाले पाठों में विस्तार से समझने वाले हैं।

## *<u>महत्वपूर्ण तथ्य (Important Facts):</u>*

**1.** कहीं कहीं Articles (A/An और The) को भी अलग शब्द भेद माना जाता है लेकिन अधिकांशतः ये Adjective (विशेषण) ही कहे जाते हैं क्योंकि ये किसी संज्ञा के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं।

जैसे – एक पैन (A Pen)। यहाँ पर "पैन" एक संज्ञा है और "A" का प्रयोग करने से ये पता चलता है कि पैन कितने हैं अर्थात "A" का प्रयोग करने से "पैन" के बारे में अतिरिक्त सूचना मिलती है। यह बात आप तब बेहतर समझ पायेंगे जब आप आने वाले चैप्टरों में सभी शब्द भेदों को अच्छी तरह समझ लेंगे।
Generally, Articles are not considered a separate part of speech; rather classified as adjectives because they modify nouns by mentioning their quantity i.e. as a number (A pen means one pen).

**2.** जब हम किसी संज्ञा की मात्रा के बारे में बतायें जैसे 1 आदमी, 2 पैन, 3 लोग, 50 कबूतर आदि। तो इस तरह से संज्ञा की मात्रा के बारे में बताने वाली ये संख्याएँ Determiners (निर्धारक) कहलाती हैं। यह Determiners (निर्धारक) भी Adjective (विशेषण) ही माने जाते हैं क्योंकि इनके कारण किसी संज्ञा के बारे में अतिरिक्त सूचना मिलती है। यह कॉन्सेप्ट भी आप आगे आने वाले Determiners (निर्धारक) चैप्टर में पढ़ेंगे।
Determiners are also classified as adjectives because they modify a noun.